राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

कोर्स रिपोर्ट

स्टेशन हाउस मैनेजमेन्ट

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में दिनांक से 24.06.2019 से 28.06.2019 तक स्टेशन हाउस मैनेजमेन्ट विषय पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अकादमी के निदेशक श्री हेमंत प्रियदर्शी, आई.पी.एस. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस के निर्देशन में पुलिस स्टेशन के बेहतर प्रबन्धन के लिए प्रबुद्ध वक्ताओं को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 33 उप निरीक्षक व पुलिस निरीक्षकगण ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस के प्रथम एवं दूसरे सत्र में श्री एम.एम.अत्रे, महानिरीक्षक पुलिस (सेवानिवृत) ने पुलिस स्टेशन एस्टेब्लिस्मेन्ट एवं लीगल प्रोविजन एवं पुलिस स्टेशन ड्यूटीज तथा प्रशासनिक, ज्यूडिसियल, प्रोसिक्यूशन, लोकल बॉडिज तथा एनजीओ, मीडिया, लोकल लीडर्स एवं सोशियल ग्रुप्स के बारे में विस्तार से बताया। अंतिम सत्र में डॉ. जी.एस. डंगायच प्रोफेसर एमएनआईटी, जयपुर ने 5S जापानी अवधारणा के बारे में जानकारी देते हुए कार्य स्थल पर कार्य क्षमता बेहतर करने बाबत बताया ।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र में श्रीमती सुमन राव, पीओ, आरपीए ने थाना पर निरूद्ध व्यक्ति के कल्याण और मानव अधिकार पर चर्चा की। द्वितीय सत्र में प्रोफेसर रमेश अरोडा, ने नैतिक भ्रमद्वन्द (Moral Dilemma &Conflict With Ethics) के बारे में विस्तार से समझाया । अन्तिम सत्र में श्री पुष्पेन्द्र सिंह, एसीपी, कमिशनरेट जयपुर ने मॉडल पुलिस स्टेशन के बारे में विस्तार से बताया ।

तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में श्री रूपिन्दर सिंह आईजीपी, जेल ने सार्वजनिक अभिविन्यास और इसके प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की। द्वितीय सत्र में श्री मदन कपूरिया, उप अधीक्षक पुलिस वायरलेस ने सीपा, सीसीटीएनएस में डाटा कैसे फीड किया जाता है एवं ऑन लाईन रोजनामचा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। अन्तिम सत्र में फील्ड विजिट के लिए ट्रान्सपार्ट नगर पुलिस स्टेशन का भ्रमण करवाया जाकर थाना के बेहतर प्रबन्धन व रिकार्ड के रख रखाव सम्बन्धी जानकारी दी गई ।

चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में श्री हरि प्रसाद शर्मा, महानिरीक्षक पुलिस (सेवानिवृत) ने अनुसंधान प्रबंधन के बारे में चर्चा करते हुए शीघ्र, उचित और पारदर्शी तफ्तीश, निवारक कार्रवाई, विशेषज्ञ की राय, चार्ज शीट की SOP के बारे में विस्तार से समझाया। दूसरे सत्र में श्री गोविन्द पारीक, पीआरओ, पीएचक्यू, जयपुर ने मीडिया प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की। अंतिम सत्र में श्री राजेंद्र सिंह, उप अधीक्षक, जेडीए, जयपुर ने पुलिस स्टेशन प्रबंधन और संसाधन प्रबंधन, प्रशासनिक ब्लॉक व आवासीय ब्लॉक इको फ्रेंडली बनाने के बारे में विस्तार से समझाया।

कोर्स के अंतिम दिवस के प्रथम व द्वितीय सत्र में श्री राम सिंह शेखावत, डिप्टी कमाण्डेन्ट, पांचवी बटालियन आरएसी, जयपुर ने थाना पर ड्यूटी रोस्टर सिस्टम एवं पुलिस कर्मियों की जवाब देही तय करने बाबत बताया । रिकार्ड व मालखाना के बेहतर रख रखाव के बारे में विस्तार से बताया । थाना के बेहतर प्रबन्धन, चुनौतियों व उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा की ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह दिनांक 28.06.2019 को कॉन्फ्रेंस हॉल नं. 04 में आयोजित किया गया। श्री राजेन्द्र सिंहे, कोर्स निदेशक द्वारा पावर पाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से कोर्स रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा प्रतिभागियों द्वारा प्रजेन्टेशन दिया गया। श्री हेमंत प्रियदर्शी, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक, आरपीए ने अपने उद्बोधन में कोर्स की महत्ता के बारे में बताया व प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित किये गये। सहायक कोर्स निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा।

भवदीय,

11/7/19

(राजेन्द्र सिंह)
सहायक निदेशक,
सीडीपीएसएम
कोर्स डायरेक्टर
आर.पी.ए., जयपुर